# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

निगम कार्यालय, गच्ची बाउली, हैदराबाद - 500 032

BDL/104/BD – CC/MR/04 2 Oct 2023

बी डी एल मीडिया रिलीज़ - हिन्दी

## बी डी एल में एम माह लंबा स्वच्छता अभियान 3.0 आरंभ

**(Photos may be taken from English version and placed.)**










भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में महात्मा गांधी के जन्म-दिवस के पुनीत अवसर को अपनी सभी इकाइयों और कार्यालयों में स्वच्छता अभियान 3.0 के रूप में मनाने का कार्यक्रम बनाया है। कंपनी ने एक महीने का कार्यक्रम तैयार किया है जिसमें कंपनी के सभी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शामिल किये गए हैं।

स्वच्छता अभियान 3.0 के क्रम में बीडीएल की सभी इकाइयों में अपशिष्ट निपटान, स्थान प्रबंधन, नियम/प्रक्रिया सरलीकरण, कार्यस्थलों का सौंदर्यीकरण, ई-फाइलों सहित पुरानी फाइलों को निपटाना, प्लास्टिक कचरे की रोकथाम,

पौधारोपण जैसे कई काम किए जाएंगे। साथ ही फैक्ट्री परिसर के आसपास, सार्वजनिक स्थानों आदि में सफाई अभियान चलाना, बच्चों के बीच स्वच्छता के महत्व को जागरूक करने के लिए महीने भर चलने वाले कार्यक्रम के दौरान एक प्रश्नोत्तरी / नारा लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित करने का प्रस्ताव है।

आज, गांधी जयंती के अवसर पर बीडीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, कमोडोर ए माधवराव (सेवानिवृत्त) ने बीडीएल भनूर यूनिट में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और कंपनी के निदेशकों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ श्रमदान में भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को 'स्वच्छता शपथ' दिलाई गई।

भानूर यूनिट, बीडीएल टाउनशिप में "मैकेनाइज्ड क्लीनिंग" की गई जो मशीनों के माध्यम से तेज और हरित सफाई प्रक्रिया को सक्षम बनाती है।

अपने संबोधन में कमोडोर ए माधवराव (सेवानिवृत्त), सीएमडी, बीडीएल ने अपने आस-पास की स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कंपनी के कर्मचारियों से स्वच्छता अभियान 3.0 में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए 'श्रमदान' को जीवन शैली बनाने की सलाह दी।

श्री एन श्रीनिवासुलु, निदेशक (वित्त), श्री पी वी राजा राम, निदेशक (उत्पादन), डॉ. उपेन्द्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल, श्री एल किशन, महाप्रबंधक और यूनिट प्रमुख (भानूर यूनिट), बीडीएल और वरिष्ठ अधिकारी एवं कंपनी के कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. उपेन्द्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल द्वारा एकत्रित दुर्लभ टिकटों पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया जिसमें महात्मा गांधी के जीवन और कर्म को दर्शाया गया है। इसका उद्घाटन सीएमडी, बीडीएल द्वारा किया गया।

कंचनबाग और विशाखापट्टणम इकाइयों में उपस्थित कर्मचारियों को भी 'स्वच्छता शपथ' दिलाई गई जिन्होंने बाद में अपनी-अपनी इकाइयों में 'श्रमदान' कर योगदान दिया।

XXXXXX